महत्वपूर्ण फोन नंबर

न्यूयॉर्क राज्य HIV/AIDS हॉटलाइन (टॉल फ्री)

HIV और एड्स के बारे में जानकारी के लिये और HIV संबंधी जाँच कराने के स्थलों का पता करने के लिये हॉटलाइनों पर फोन करें

- 1-800-541-AIDS (2437) अंग्रेजी
- 1-800-233-SIDA (7432) स्पैनिश

न्यूयॉर्क राज्य TTY/TTD-HIV/AIDS सूचना लाइन

- 1-212-925-9560

वॉइस कॉलर्स NY रिले का प्रयोग करें:

- 711 या 1-800-421-1220 और ऑपरेटर से 1-212-925-9560 के लिये पूछें

न्यूयॉर्क राज्य HIV/AIDS परामर्श हॉटलाइन

- 1-800-872-2777

NYSDOH गुमनाम HIV परामर्श और जाँच कार्यक्रम

HIV सम्बन्धी जानकारी, सन्दर्भो, या मुफ्त, गुमनाम HIV संबंधी जाँच कैसे करायें इस विषय पर जानकारी के लिये गुमनाम HIV परामर्श और जाँच कार्यक्रम को फोन करें।

- एलबनी क्षेत्र 1-800-962-5065
- बफैलो क्षेत्र 1-800-962-5064
- नैसॉ क्षेत्र 1-800-462-6785
- न्यू रोशेल क्षेत्र 1-800-828-0064
- क्वीन्स क्षेत्र 1-800-462-6785
- रॉचेस्टर क्षेत्र 1-800-962-5063
- सफक क्षेत्र 1-800-462-6786
- सिराक्युस क्षेत्र 1-800-562-9423

NYCDOHMH HIV/AIDS हॉटलाइन: 1-800-TALK-HIV (1-800-825-5448)

न्यूयॉर्क राज्य पार्टनर सहायता कार्यक्रम: 1-800-541-AIDS

न्यूयॉर्क राज्य संपर्क सूचना सहायता कार्यक्रम: 1-212-693-1419

गोपनीयता

- न्यूयॉर्क राज्य गोपनीयता हॉटलाइन 1-800-962-5065
- कानूनी कार्यवाही केन्द्र 1-212-243-1313 या 1-800-223-4044

मानवाधिकारक्रभेदभाव

- न्यूयॉर्क राज्य मानवाधिकार विभाग 1-800-523-2437
- न्यूयॉर्क नगर मानवाधिकार आयोग 1-212-306-7500

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग
एड्स संस्थान

HIV जाँच करने के लिये सूचित सहमति

HIV जाँच कराना स्वैच्छिक है। अपने सेवा प्रदाता को सूचित करके सहमति किसी भी समय वापस ली जा सकती है। अगर आप निम्नलिखित जानकारी को समझते हैं और HIV जाँच कराना चाहते हैं तो कृपया इस फॉर्म के A और B भागों को पढ़ें, और B भाग के निचले हिस्से पर हस्ताक्षर करें।

HIV संक्रमण स्वास्थ्य संबंधी एक गंभीर समस्या है। न्यूयॉर्क राज्य का स्वास्थ्य विभाग HIV संबंधी जाँच कराने की सलाह देता है। गर्भवती महिलाओं के लिये विभाग HIV संबंधी पहली जाँच गर्भावस्था के शुरू में और फिर दूसरी जाँच गर्भावस्था के आख़िरी महीनों में कराने की सलाह देता है।

लेबर (प्रसूति) यूनिटों पर शीघ्र कराई जाने वाली HIV संबंधी जाँच के अलावा, यह फॉर्म 1 जून, 2005 को लागू अन्य HIV संबंधी जाँच कराने के सहमति फॉर्मो की जगह प्रयोग में आएगा।

नोट: यह फॉर्म DOH-2556, भाग B के साथ प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से बनाया गया है।

भाग

A

HIV वह वायरस (जीवाणु) है जिसके कारण एड्स होता है।

- HIV से पीड़ित किसी व्यक्ति के साथ असुरक्षित सेक्सक्रयौन संबंध (बिना कंडोम के योनि, गुदा या मुंह से सेक्स संबंध) के दौरान HIV एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के शरीर में पहुँच जाता है।
- HIV संक्रमित खून के संपर्क में आने के कारणे हो सकता है जैसे कि सुइयों के साझे इस्तेमाल सें (छेद करवाते हुए, टैटू बनवाते हुए या किसी तरह की दवाइयां इन्जेक्शन से लेते हुए) या HIV से पीड़ित व्यक्ति के साथ कामों को मिल-बांट कर करने में।

आपको एड्स है या नहीं, इसे जानने का एकमात्र तरीका टेस्ट करवाना ह।

- HIV संबंधी जाँचें सुरक्षित हैं। इनमें एक या उससे अधिक नमूने (खून, लार, पेशाब) लेने होते हैं।
- आपका परामर्शदाता या डॉक्टर आपकी जाँच के नतीजों के बारे में और साथ ही आपके लिये ज़रूरी अन्य जाँचों के बारे में बतायेगा।

आज आपकी ऊेद्य जाँच में निम्नलिखित टेस्ट शामिल हैं:

- यह देखने के लिये टेस्ट कि क्या आपको HIV संक्रमण है (ऐंटिबॉडी टेस्ट या वायरस के लिये किया जाने वाला टेस्ट);
- अगर आप HIV पॉज़िटिव हैं, तो अतिरिक्त जाँचों में निम्नलिखित के लिये किए जाने वाले टेस्ट शामिल हो सकते हैं:
    - आपके डॉक्टर को आपके लिये सर्वोत्तम उपचार के बारे में निर्णय लेने में मदद करने के लिये।
    - स्वास्थ्य विभाग को HIV की रोकथाम संबंधी कार्यक्रमों में मार्गदर्शन हेतु मदद करने के लिये।

जाँच कराने के कई विकल्प उपलब्ध है।

- आप गोपनीय जाँच कराने को चुन सकते हैं जहां पर जाँच का नतीजा आपके मेडिकल रिकॉर्ड का हिस्सा हो जाता है और इसे आपके हैल्थ केअर प्रदाता को HIV तथा दूसरी हैल्थ केअर संबंधी सेवाओं के लिये दिया जा सकता है, या।
- आप गुमनाम जाँच कराना चुन सकते हैं, जिसका मतलब है कि आप अपना नाम नहीं बताते और जाँच के नतीजे का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जाता। अगर आपकी गुमनाम जाँच HIV पॉज़िटिव आती है, तो आप बाद में अपना नाम बताना चुन सकते हैं ताकि आपको मेडिकल देखभाल और अधिक फुर्ती के साथ मिल सके।
- जाँच कराने के विकल्पों तथा मुफ्त या गुमनाम जाँच करने वाले स्थलों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये अपने परामर्शदाताक्रडॉक्टर से पूछें या 1-800-541-2437 पर फोन करें।

आपकी सेहत के लिये HIV जाँच कराना महत्वपूर्ण है।

- अगर आपकी HIV जाँच का नतीजा नेगेटिव आता है, तो आप सीख सकते हैं कि भविष्य में इससे संक्रमित होने से खुद को कैसे बचायें।
- अगर आप की जाँच का नतीजा पॉज़िटिव आता है:
    - दूसरों तक इस वायरस को पहुँचने से रोकने के लिये आप कदम उठा सकते हैं।
    - आप HIV के लिये उपचार ले सकते हैं तथा स्वस्थ बने रहने के लिये दूसरे तरीकों के बारे में सीख सकते हैं। उपचार के हिस्से के रूप में, आपके लिये सर्वोत्तम उपचार का निर्धारण करने के लिये अतिरिक्त जाँचें की जायेंगी। इन जाँचों में वायरल लोड और वायरल प्रतिरोध संबंधी टेस्ट शामिल हो सकते हैं।

HIV जाँच करवाना गर्भवती महिलाओं के लिये विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

- HIV संक्रमित माँ से गर्भावस्था या बच्चे के जन्म के दौरान या स्तनपान के ज़रिये बच्चे को HIV हो सकता है।
- गर्भावस्था से पहले या इसके शुरू में अपनी HIV संबंधी स्थिति को जान लेना बेहतर है ताकि आप अपनी और अपने बच्चे की सेहत के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकें।
- अगर आप गर्भवती हैं और आपको HIV है, तो आपकी अपनी सेहत के लिये और आपके बच्चे को HIV से बचाने के लिये उपचार उपलब्ध हैं। अगर आपको HIV है और आप उपचार नहीं लेतीं, तो आपके बच्चे को HIV होने की संभावना चार में से एक की है। अगर आप उपचार ले रही हैं, तो आपके बच्चे को HIV होने की संभावना इसकी तुलना में बहुत कम है।
- अगर गर्भावस्था के दौरान आपकी जाँच नहीं हुई है, तो आपका सेवा प्रदाता प्रसव (लेबर) के समय आपको जाँच कराने की सलाह देगाँ। सभी मामलों में, जन्म के बाद आपके बच्चे की ऊेद्य संबंधी जाँच की जायेगी। आपके बच्चे की जाँच का नतीजा पॉज़िटिव आने का मतलब है कि आपको HIV है और आपके बच्चे को यह रोग लग गया है।

अगर आपकी जाँच का नतीजा पॉज़िटिव आता है तो:

राज्य का कानून आपकी जाँच के नतीजों की गोपनीयता सुनिश्चित करता है और साथ ही आपको HIV स्थिति के आधार पर होने वाले भेद-भाव से भी बचाता है।

- लगभग सभी मामलों में, आपकी HIV जाँच के नतीजे को किसी अन्य को बताये जाने से पहले आपसे लिखित मंजूरी देने के लिये कहा जायेगा।
- आपकी HIV स्थिति के विषय में जानकारी आपकी या आपके संक्रमित हो चुके बच्चे की देखभाल कर रहे स्वास्थ्य प्रदाताओं को; कानून द्वारा आवश्यक होने पर स्वास्थ्य अधिकारियों को; भुगतान की अनुमति देने के लिये बीमा कंपनी को; माता-पिता की तरह बच्चे की देखभाल करने या गोद लेने में शामिल व्यक्तियों को; सुधार अधिकारी, प्रोबेशन व पैरोल संबंधी स्टाफ को; संयोगवश आपके खून के संपर्क में आये हुए आपात स्थिति या हैल्थ केअर संबंधी स्टाफ को, या न्यायालय के विशेष आदेश पर जारी की जा सकती है।
- HIV से पीड़ित व्यक्तियों के नाम राज्य के स्वास्थ्य विभाग को महामारी की जानकारी रखने के लिये और सेवाओं की योजना बनाने के लिये रिपोर्ट किये जाते हैं।
- 1-800-962-5065 पर HIV गोपनीयता हॉटलाइन आपके सवालों का जवाब दे सकती है और गोपनीयता संबंधी समस्याओं में मदद कर सकती है।
- अगर आप को लगता है कि आपकी HIV की स्थिति के आधार पर आपके साथ भेदभाव किया गया है तो 1-800-523-2437 नंबर पर न्यूयॉर्क राज्य मानवाधिकार विभाग आपकी मदद कर सकता है।

आपके परामर्शदाता/डॉक्टर आपसे उन लोगों को सूचित करने के संबंध में बात-चीत करेंगे जिनके साथ आपके शारीरिक संबंध हैं या जिनके साथ आप सुई का साझा प्रयोग करते हैं।

- आपके साझीदारों को यह जानने की ज़रूरत है कि हो सकता है उन्हें HIV संक्रमण लग गया हो ताकि वे अपनी जाँच करा सकें और अगर उन्हें HIV है तो वे उसका उपचार करवा सकें।
- अगर आपके हैल्थ केअर प्रदाता को आपके पतिक्रपत्नी या अन्य साझीदार का नाम मालूम है, तो उसे स्वास्थ्य विभाग को नाम बताना चाहिये।
- स्वास्थ्य विभाग के परामर्शदाता आपका नाम बताये बिना आपके साझीदार को सूचित करने में मदद कर सकते हैं।
- आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये, आपका परामर्शदाता या डॉक्टर सूचित किये जाने वाले हर साझीदार के लिये घरेलू हिंसा के खतरे के बारे में आपसे सवाल पूछेगा।
- अगर कोई खतरा है, तो स्वास्थ्य विभाग साझीदारों को फौरन सूचित नहीं करेगा और मदद पाने में आपकी सहायता करेगा।

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग
एड्स संस्थान

HIV जाँच करने के लिये सूचित सहमति

भाग B

मेरे हैल्थ केअर प्रदाता ने HIV जाँच कराने के संबंध में मेरे सवालों के जवाब दे दिये हैं और HIV जाँच कराने के बारे में मुझे निम्नलिखित विवरण के साथ लिखित जानकारी दे दी है:

- HIV वह वायरस है जिसके कारण एड्स होता है।
- आपको HIV है या नहीं इसे जानने का एक मात्र तरीका जाँच कराना है।
- आपकी सेहत के लिये HIV जाँच कराना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिये।
- HIV जाँच कराना स्वैच्छिक है। सहमति किसी भी समय वापस ली जा सकती है।
- जाँच कराने के गुमनाम और गोपनीय जाँच सहित कई विकल्प उपलब्ध हैं।
- राज्य का कानून जाँच के नतीजों की गोपनीयता का सुनिश्चित करता है और जाँच कराने वाले रोगियों को HIV की स्थिति पर आधारित भेदभाव से भी बचाव करता है।
- अगर जाँच में मुझे पॉज़िटिव पाया जाता है, तो मेरा हैल्थ केअर प्रदाता उन लोगों को सूचित करने के बारे में मुझसे बात करेगा जिनके साथ मेरे शारीरिक संबंध हैं या जिनके साथ मैं सुई का साझा इस्तेमाल करताक्रकरती हूँ।

मैं HIV संक्रमण के निर्धारण हेतु जाँच कराने के लिये सहमत हूँ। अगर मुझे HIV संक्रमित पाया जाता है, तो मैं अतिरिक्त जाँच कराने के लिये सहमत हूँ जो मेरे लिये सर्वोत्तम उपचार का निर्धारण किये जाने के लिये और HIV की रोकथाम संबंधी कार्यक्रमों में मार्गदर्शन हेतु मदद करने के लिये मेरे द्वारा आज दिये जाने वाले नमूने पर हो सकता है। मैं अपने उपचार के मार्गदर्शन हेतु भावी टेस्ट कराने के लिये भी सहमत हूँ। मैं समझता हूँ कि मैं भावी टेस्ट कराने के लिये अपनी सहमति को किसी भी समय वापस ले सकता हूँ।

केवल गर्भवती महिलाओं के लिये:

ऊपर वर्णित जाँच कराने के साथ-साथ, मैं अपने हैल्थ केअर प्रदाता को HIV निर्धारण संबंधी इस टेस्ट को इसी गर्भावस्था के दौरान बाद में फिर से करने के लिये अधिकृत करती हूँ। मैं समझती हूँ कि जाँच को दोबारा किये जाने से पहले मेरा हैल्थ केअर प्रदाता इस जाँच के बारे में मेरे साथ चर्चा करेगा और जाँच के नतीजे मुझे बतायेगा। HIV के निर्धारण संबंधी जाँच को दोबारा किये जाने के लिये सहमति मेरी वर्तमान गर्भावस्था की अवधि तक ही सीमित है और इसे किसी भी समय वापस लिया जा सकता है।

हस्ताक्षर: _____ दिनांक: _____
(जाँच संबंधी रोगी या कानूनी रूप से अधिकृत प्रतिनिधि)

अगर कानूनी प्रतिनिधि है, तो रोगी के साथ रिश्ता दर्शायें: _____

नाम: _____

मेडिकल रिकॉर्ड संख्या: _____

लेबर (प्रसूति) यूनिटों पर शीघ्र कराई जाने वाली HIV संबंधी जाँच के अलावा, यह फार्म 1 जून, 2005 को लागू अन्य HIV संबंधी जाँच कराने के सहमति फॉर्मों की जगह प्रयोग में आएगा।

नोट: यह फार्म DOH-2556I भाग अ के साथ प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से बनाया गया है।